इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा संपन्न किये गये कार्य

304. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत एक वर्ष के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा संपन्न किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान केन्द्र पर किए गए खर्च का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा कला निधि, कलाकोष, जनपद संपदा, कलादर्शन ,सूत्रधार के अपने पांच प्रभागों के अंतर्गत तथा भवन परियोजना समिति द्वारा पिछले वर्ष के दौरान अनेक कार्य संपन्न किए गए, जिनमें पुस्तकालय के लिए 3442 से अधिक पुस्तकें, माइक्रो-फिल्मों के 198 रोल, 21,570 माइक्रो-फिश, 1765 स्लाइडें, कई फिल्में, वीडियो कसट प्राप्त करना, अनेक पुस्तकों डाटा शीटों की तकनीकी प्रोसेसिंग एवं कंप्यूटरी-करण, दो ग्रंथसूचियों को अद्यतन बनाना, बहुत से सम्मेलन, कार्यशालायें, सेमिनारें, प्रदर्शनियां आयोजित करना, रंगचित्र तैयार करना/अपने कार्यक्रमों अर्थात् कलातत्वकोष, कलामूल शास्त्र, कला समालोचना के अंतर्गत अनेक पुस्तकों के रंगचित्र तैयार करने/प्रकाशित करने के अलावा अपनी भवन परियोजना के अंतर्गत भवन परियोजना की संकल्पना-योजनाओं को अनुमोदित करना, निर्माण प्रबंध सेवाओं के लिए टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के साथ औपचारिक समझौते को अंतिम रूप देना, प्रारंभिक स्थल निर्माण कार्य पूरा करना, संभावित भवन निर्माताओं से पूर्वापेक्षाओं से युक्त प्रस्ताव (प्रीक्वालि-फिकेशन बिड्स) आमंत्रित करना/प्राप्त करना शामिल हैं।

(ख) वर्ष 1991-92 के दौरान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा अपने निम्नलिखित विभिन्न कार्यक्रमों पर लगभग 5.42 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई :

(1) शैक्षिक कार्यकलाप 3.98 करोड़ रु०

(2) भवन परियोजना 1.44 करोड़ रु०

Conversion of Vedic School, Tirupati into Vedic University

305. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to convert Vedic school at Tirupati in Andhra Pradesh into Vedic University;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्राचीन मन्दिरों और भवनों को अपने अधिकार में लिया जाना

306. **डा० बापू कालदाते** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कुछ प्राचीन मन्दिरों और भवनों को अपने क्षेत्राधिकार लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि ठीक से रखरखाव न होने के कारण उनमें से कुछ मन्दिर जीर्ण-शीर्ण हो गये हैं ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इन मन्दिरों और भवनों का मरम्मत कराने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 3561 केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों को/राष्ट्रीय महत्व का घोषित किया है, जिनमें मन्दिर, अवशेष और भवन शामिल हैं।

(ख) केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की संख्या राज्य-वार/केन्द्रीय शासित संघ-वार विवरण में दी गई है।

(ग) से (च) जीर्णावस्था रोकने के लिए केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों का संरक्षण पुरातत्व के आदर्शों के अनुसार उनका संरचनाओं का प्राथमिकता एवं संसाधनों के उपलब्ध होने के आधार पर किया जाता है।

विवरण

राज्य	स्मारकों/स्थलों की संख्या
1	2
आंध्र प्रदेश	131
असम	49
अरुणाचल प्रदेश	5
बिहार	77
गोवा	25
गुजरात	199
हरियाणा	88
हिमाचल प्रदेश	35
जम्मू व कश्मीर	63
केरल	28
कर्नाटक	505
मध्य प्रदेश	324
महाराष्ट्र	284
मणिपुर	1
मेघालय	8
मिजोरम	शून्य
नागालैंड	4
उड़ीसा	68
पंजाब	24
राजस्थान	151
सिक्किम	3
तमिलनाडु	403
त्रिपुरा	5
उत्तर प्रदेश	783
पश्चिम बंगाल	112
संघ शासित क्षेत्र	
अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	शून्य
चंडीगढ़	शून्य
दादरा व नागर हवेली	शून्य
दमन व दीव	9
दिल्ली	166
लक्षद्वीप	शून्य
पांडिचेरी	8
कुल	3561

Birth anniversary of the Mughal emperor Akbar

307. DR. ABRAR AHMED: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government propose to celebrate the 450th birth anniversary of the Mughal emperor, Akbar; and

(b) if so, the details thereof?